dainiknavajyoti.com

नागौर-बीकानेर नवज्योति

काला दूसरी बार बने एबीवीपी जिला संयोजक

नागौर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जोधपुर में आयोजित चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग के समापन समारोह में जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुरेन्द्र काला को लगातार दूसरी बार जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रांत अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश पुरोहित ने बताया कि कार्यकारिणी में दामोदर को जिला प्रमुख व रीतिका शर्मा को जिला छात्रा प्रमुख का दायित्व दिया गया है। इस दौरान मिर्धा महाविद्यालय के छात्रसंघ संयुक्त सचिव कुलदीप शर्मा, प्रांत कार्यसमिति सदस्य प्रदीप चौधरी, पियूष लामरोड़, रवि टाक, भीलाराम, मनजीत एवं राहुल सियाग मौजूद रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने छात्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

आनंदनगर आवासीय कॉलोनी का उद्घाटन

बोरावड़। कोलाडूंगरी रोड स्थित गीतांजली नर्सिंग कॉलेज के सामने विकसित आनंद नगर आवासीय कॉलोनी का बुधवार को शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत रहे जबकि परबतसर विधायक रामनिवास गावडिया ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गैसावत ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय कॉलोनियां शहर के सुनियोजित विकास की पहचान हैं। आयोजनकर्ता एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष वीरुमाई सोनगर ने अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कॉलोनी में बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर बोरावड़ पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, कांग्रेस नेता विमलेश चौधरी, अमरसिंह गिंगालिया, मकराना ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दिलीपसिंह चौहान, बिरदाराम नायक उपस्थित रहे।

15 पेटी अवैध शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

मूण्डवा। मूंडवा पुलिस ने एक दुकान पर दबिश देकर 15 पेटी अवैध शराब जब्त की है। इस दौरान एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से 15,770 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी (आरपीएस) के निर्देश पर जिले में अवैध शराब की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बावरियों के बास क्षेत्र में एक युवक अवैध शराब का भंडारण कर बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान दुकान से विभिन्न ब्रांड की देशी शराब, अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद हुई। जब्त सामग्री में सैकड़ों पव्वे देशी मदिरा, विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के अद्धे व पव्वे तथा बीयर की बोतलें एवं कैन शामिल हैं। कुल जब्त शराब की मात्रा लगभग 15 पेटी बताई गई है। पुलिस ने श्रीपाल (24) निवासी थाना कुचेरा को गिरफ्तार किया। जांच में आरोपी के पास शराब रखने और बेचने का कोई वैध परमिट या लाइसेंस नहीं पाया गया। इस पर मामला दर्ज कर जांच ग्रामनियम सऊ को सौंपी गई है। कार्रवाई में हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, हैड कांस्टेबल जगदीशराम, आरटी कांस्टेबल जितेंद्र और कांस्टेबल बेणीराम शामिल थे।

25 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

रोल। ग्राम सरासनी में विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मंगलाराम मेघवाल ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर 25 केवी का अलग सिंगल फेज ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि राजपूतों एवं मेघवालों के मोहल्ले में 25 केवी का सिंगल फेज ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिस पर 39 घरेलू कनेक्शन जुड़े हुए हैं। अधिक लोड से बार-बार बिजली ट्रिप हो जाती है। इसके अलावा ट्रांसफार्मर भी बार-बार जलने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बरसात और आंधी के मौसम में समस्या और अधिक बढ़ जाती है, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आज

नागौर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 वर्षपूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की जा रही है। किसानों को प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 18 जून को जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम गुरुवार प्रातः 11 बजे से जिला परिषद सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर जिले के भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, विधायकगण सहित अनेक गणमान्य लोग और वरिष्ठ अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञ और वैज्ञानिक उपस्थित किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। सेमिनार में मुख्य रूप से प्राकृतिक खेती के महत्व, इसके लाभ, सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक कृषि तकनीकों तथा किसानों की आय वृद्धि के उपायों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही किसानों को रसायन मुक्त खेती अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

कृषि आधारित उद्योगों को दें प्रोत्साहन

नागौर। लघु उद्योग भारती के प्रांत उपाध्यक्ष (जोधपुर प्रांत) एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भोजराज सारस्वत ने प्रभारी मंत्री का जिले के उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। सारस्वत ने केंद्र सरकार के '12 वर्ष विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के' अभियान के तहत आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला को किसानों के हित में एक सराहनीय पहल बताया। सारस्वत ने कहा कि जिले में 80 प्रतिशत से अधिक उद्योग कृषि आधारित हैं, जो किसानों की उपज को मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) देकर बाजार तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान, व्यापारी और उद्यमी एक-दूसरे के पूरक हैं तथा जिले की आर्थिक व्यवस्था इन्हीं तीनों के समन्वय पर टिकी है। सारस्वत ने मांग की कि यदि राज्य सरकार कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने वाली प्रभावी नीतियां बनाए, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करे तथा निवेश को बढ़ावा दे तो नागौर में अनेक नए उद्योग स्थापित हो सकते हैं। इससे किसानों को उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने प्रभारी मंत्री से नागौर के व्यापारियों एवं उद्यमियों के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुनने का आग्रह किया ताकि विकसित नागौर का निर्माण हो सके।

बड़गांव में विशेष जनकल्याण शिविर अब 22 को

मेड़ता सिटी। समीपवर्ती बड़गांव के अटल सेवा केन्द्र पर 18 जून को प्रस्तावित विशेष जनकल्याण शिविर अब 22 जून को आयोजित होगा। एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़गावं में राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाले फ्लैगसिप योजनाओं संबधी शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था। चूंकि राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसलिए शिविर अब 22 जून को आयोजित किया जाएगा।

स्वस्थ भारत निर्माण में बनें सहभागी

जिला स्तरीय कार्यशाला संतुलित आहार एवं कम तेल के उपयोग के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

मेड़ता सिटी। कम तेल की थाली-स्वस्थ भारत की खुशहाली के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मोरश रोड स्थित श्रीराम कुटीर में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं अभियान की जिला संयोजक डॉ. रजनी गावड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य सीता चौधरी के संयोजन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पना चौहान, मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष शोभा लाहोटी के आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार एवं कम तेल के उपयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक करते हुए स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कम तेल के व्यंजन बनाएं गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. रजनी गावड़िया ने महिलाओं के स्वास्थ्य विषयक महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर उन्होंनेविशेष रूप से महिलाओं, गर्भावस्था के बाद की अवस्था तथा रजोनिवृत्ति के दौर से गुजर रही

मेड़ता। कार्यशाला में शामिल अतिथि महिलाएं। आरिफ अंसारी

महिलाओं के लिए उपयोगी पेल्विक फ्लोर एक्सरसाइज एवं विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर उन्हें नियमित रूप से अपनाने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रश्न भी पूछे, जिनका डॉ. गावड़िया ने सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया। मीरां महिला मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा रजत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान कम तेल की थाली वास्तव में स्वस्थ भारत की खुशहाली के संकल्प को साकार करने वाला अभियान है। हमारी रसोई केवल भोजन बनाने का स्थान नही, बल्कि परिवार-समाज एवं राष्ट्र के स्वस्थ रहने की नींव भी है। ऐसे में महिलाएं ही रसोई के जरिये मजबूत नीव रखकर परिवार, समाज के साथ स्वस्थ भारत की खुशहाली को साकार कर सकती है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पना चौहान ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों एवं संसाधनों का सदुपयोग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से ईंधन, खाद्य तेल की अनावश्यक खपत कम करने की अपील के मद्देनजर महिला मोर्चा की ओर से नवाचार करते हुए कम तेल की थाली -स्वस्थ भारत की खुशहाली के तहत कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष शोभा लाहोटी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 12 सालों से राष्ट्र हित की सोच के साथ काम कर रहे है। कार्यक्रम संयोजिका सीता चौधरी ने बताया कि कार्यशाला में महिलाओं को कम तेल में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला मंत्री विद्या राव, सरोज मेघवाल, महिला मोर्चा मेड़ता मंडल अध्यक्ष निर्मला शर्मा, लक्ष्मीविश्नोई आदि ने भी विचार रखे।

मंत्री चौधरी आज करेंगे शहरी और ग्राम सेवा शिविरों का निरीक्षण

नागौर/डीडवाना। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी गुरुवार को नागौर और डीडवाना-कुचामन जिले के दौरे पर रहेंगे। आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 7:30 बजे टोडारायसिंह (टोंक) रवाना होकर सुबह 9:30 बजे ग्राम गूलर परबतसर पहुंचेंगे। इसके बाद वे डीडवाना टाउन हॉल में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला में भाग लेंगे। दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार डीडवाना में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसके बाद चौधरी नगर परिषद डीडवाना में शहरी सेवा शिविर तथा इसके बाद ग्राम केराप (छोटी खाटू) और ग्राम सांजू (डेगाना) में 'ग्रामीण सेवा शिविर का औचक निरीक्षण व अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। अंत में वे शाम 4:30 बजे सांजू से रवाना होकर रात 7 बजे मालपुरा (टोंक) पहुंचेंगे।

शिक्षा से ही समाज की उन्नति संभव

रियांबड़ी में जाट छात्रावास व लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ

रियांबड़ी। शिक्षा ही समाज की उन्नति का मूल हैं । बालक-बालिकाएं शिक्षित होने से समाज को नई दिशा मिलेगी और समाज आगे बढ़ेगा। यह बात जाट छात्रावास व लाइब्रेरी के भव्य शुभारंभ समारोह में पूर्व विधायक रामचंद्र जाखड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज की उन्नति संभव है। यह छात्रावास ग्रामीण युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पूर्व जाट शिक्षण संस्थान रियांबड़ी के तत्वावधान में जाट समाज के युवाओं के लिए नवनिर्मित छात्रावास एवं लाइब्रेरी का बुधवार प्रातः 9:15 बजे संतों के सानिध्य में शुभारंभ हुआ। जसनाथ महाराज रास मंडी सहित अन्य संतों ने फीता काटकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। अभिनव राजस्थान के डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षित करना पेरेंट्स का मूल दायित्व है। इसे निभाना ईश्वर प्राप्ति के समान है। उन्होंने विवाह एवं अन्य समारोहों में फिजूलखर्ची बंद करने का भी आग्रह किया। शिक्षा अधिकारी रामपाल ढाका ने समाज में एकता और अखंडता पर जोर दिया। पूर्व प्रधान रामप्रताप जाजड़ा ने समाजबंधुओं से संगठित और अनुशासित रहने का आह्वान किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदन राम गौरा ने आपसी सहयोग और सौहार्द की बात कही। कार्यक्रम में जाट शिक्षण संस्थान अध्यक्ष एवं सार्वजनिक

रियांबड़ी। लाइब्रेरी का फीता शुभारंभ करते रास के जसनाथ महाराज व अन्य अतिथि। - अमन खान

निर्माण विभाग अधिकारी लिखमा राम बेरवाल ने भी सामाजिक एकता और मजबूती की बात कही। कार्यक्रम में नारायण नाथ महाराज रास मण्डी, आचार्य सज्जनराम महाराज रामधाम रेण, संत रामनिवास महाराज पो धाम आकेली, संत पांचाराम महाराज रानाबाई धाम पादूकलां एवं संत रामनाथ महाराज खेड़ा धुणा ने भी आशीर्वचन दिए। समारोह में मेड़ता जाट छात्रावास के अध्यक्ष महिपाल लटियाल, पीडब्ल्यूडी एसई बस्तीराम डीडेल, डीवाईएसपी भूराराम खिलेरी, ईओ श्रवण चौधरी, एक्साइज दौलतरामरियां, बीसीएमओ चेनाराम कमेडिया, रेंजर दौलतराम गोदारा, डेगाना कृषि अधिकारी हरेंद्र तेतरवाल, अविनाश बोरानिया, लेखाधिकारी कैलाश बोरानिया, रामदेव उड़द, उपप्रधान गोविंदकरण डांगा, रामनिवास डांगा, संजय डांगा, एडवोकेट सुरेश चौधरी सहित हजारों समाजबंधु मौजूद रहे। समारोह में संस्थान के संरक्षक पूर्व विधायक मंगीलाल डांगा, पूर्व प्रधान रामप्रताप जाजड़ा बगड़, प्रधान प्रतिनिधि मदन गौरा, अजय गोदारा बड़ायली , मोतीराम बेड़ा पादूकलां, सूरजकरण गोदारा बडायली, उपप्रधान गोविंदकरण डांगा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लिखमाराम बेरवाल, पूर्व अध्यक्ष हनुमान दुगस्तावा व कार्यकारिणी सहित वर्तमान-पूर्व सरपंचगण मौजूद रहे। मंच संचालन बलदेवराम खण्डोलिया एवं रामरतन तेतरवाल ने किया। भागीरथ डांगा ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

खदान में गिरने से श्रमिक की मौत

मकराना। मकराना की साहब वाली उलोडी खनन रेन्ज की खदान में बुधवार सुबह एक श्रमिक के गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद खदान एवं आसपास लोगों की भीड एकत्रित हो गई। जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान लक्ष्मणराम पुत्र नानूराम गुर्जर निवासी गुणवती मकराना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्रमिक लक्ष्मणराम खदान में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक एक पत्थर गिरा और खनन कार्य कर रहे लक्ष्मण का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह खान के अंदर गिर गया। हादसे के बाद साथी मजदूरों ने पड़ोस की खान में लगी क्रेन की सहायता से लक्ष्मणराम के शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं मकराना उपखंड अधिकारी अंशुलसिंह बेनीवाल और थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा मय जाब्ते के खदान पर पहुंचे। घटनास्थल का अधिकारियों ने बारीकी से मुआयना किया। शव को मकराना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया और मोर्चरी में रखवाया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों और संबंधित पक्षों के बीच मुआवजा राशि को लेकर काफी बहस हुई। अंत में दोनों पक्षों के मध्य समझौता होने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घटना को लेकर जांच शुरू कर दी है।

डेगाना चिकित्सालय में अब 119 जांचें निशुल्क, मोबाइल पर मिलेगी रिपोर्ट

उप जिला अस्पताल में लैब का निरीक्षण करते विधायक किलक

डेगाना। सरकार की महत्वाकांक्षी मॉडिफाइड मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत डेगाना उप जिला अस्पताल में अब मरीजों को 119 प्रकार की जांचें निशुल्क उपलब्ध होंगी। पहले अस्पताल में केवल 56 प्रकार की जांचें होती थीं लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद हार्मोन, इंफर्टिलिटी, विटामिन, कैंसर मार्कर, संक्रमण रोग एवं विशेष बायोकेमिस्ट्री जैसी महंगी जांचें भी बिना शुल्क करवाई जा सकेंगी। डेगाना उप जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अजय सिंह किलक ने कहा कि सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह व्यवस्था एम्स की तर्ज पर विकसित की गई है, जिससे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल प्रभारी डॉ. संजय केडिया ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत हब एंड स्पोक मॉडल लागू किया गया है। डेगाना उप जिला अस्पताल को हब लैब बनाया गया है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुटाटी, हर्सौर, ईडवा और खुड़ियाला को स्पोक सेंटर के रूप में जोड़ा गया है। इन केंद्रों से लिए गए सैंपल डेगाना के माध्यम से नागौर केंद्रीय लैब भेजे जाएंगे। मरीजों के रक्त एवं अन्य नमूनों की जांच नागौर स्थित केंद्रीय लैब में होगी तथा रिपोर्ट अगले दिन सुबह मरीजों के मोबाइल पर उपलब्ध करा दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लैब का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बीसीएमओ महिया और पीएमओ डा: केडिया को निर्देशित किया।

मकराना। व्यापार मंडल चुनाव के तहत मतदाताओं के पंजीयन कार्य की जांच करते चुनाव अधिकारी। रहीम भाटी।

संगमरमर व्यापार मंडल मकराना का चुनाव कार्यक्रम घोषित

मकराना। संगमरमर व्यापार मंडल के चुनाव के तहत सदस्यता अभियान बंद हो गया है। अभियान के अंतिम दिन तक 1 हजार 607 व्यापारियों ने पंजीयन करवाया। साथ ही चुनाव अधिकारियों ने व्यापार मंडल के चुनाव करवाने की तिथि 28 जून निर्धारित की है। मतदान प्रक्रिया प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक बाईपास सड़क मार्ग स्थित होटल हयात में जारी रहेगी। मतदान के पश्चात देर शाम को 8 बजे मत पत्रों की गिनती की जायेगी । वहीं व्यापारियों के सुझाव पर चुनाव अधिकारियों द्वारा सदस्यता हेतु सण्मिमेंट्री समय में 56 व्यापारियों ने पंजीयन करवाया। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से व्यापार मंडल चुनावों में भाग्य आजमा रहे उम्मीदवारों की ओर से जन संपर्क प्रारंभ कर दिया है। चुनाव अधिकारी प्रकाशचंद प्रजापत व असगर अली रांदड़ ने बताया कि 18 जून 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 19 जून सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जा सकेंगे। साथ ही नाम निर्देशन पत्र जमा करवाने के लिये 18 एवं 19 जून सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार नाम निर्देशन पत्र वापस लेने का समय 20 जून सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया गया है। नाम निर्देशन पत्रो (नामांकन फार्म) की जांच का कार्य 21 जून प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जायेगा। इसी दिन 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी मोहम्मद अकरम ने बताया कि व्यापार मंडल चुनावों के तहत मतदाता सूचियों के बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा सदस्यता अभियान के तहत पंजीकृत मतदाताओं की गहनता से जांच का कार्य भी किया जाने लगा है। इस कार्य में कम्प्यूटर स्पेशलिस्ट जाकिर हुसैन भाटी, अब्दुल रहीम, मोहम्मद इमरान, सरफराज अहमद, अली हसन, मोहम्मद अनीस तथा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि अमजद अली सेवाए देरहे हैं।

गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर जोर

एक्सईएन जाखड़ ने ली अभियंताओं एवं सहायक राजस्व अधिकारियों की बैठक

मेड़ता सिटी। डिस्कॉम मेड़ता खंड क्षेत्र के मेड़ता शहरी, मेड़ता ग्रामीण, गोटन, रियांबड़ी उपखंड के अभियंताओं एवं सहायक राजस्व अधिकारियों की बैठक बुधवार को डिस्कॉम शहर कार्यालय में मेड़ता खंड अधिशासी अभियंता रामजीवण जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राजस्व वसूली, निर्बाध बिजली आपूर्ति सहित उपखंडवार विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। एक्सईएन जाखड़ ने निर्देश दिए कि डिस्कॉम हितों के साथ उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिले, इसके लिए मिलकर प्रयास करे। कंजूमर सर्विस में जितना सुधार करना है, वह करना चाहिए, इसमें गुंजाइश भी होती है। कहीं पर भी ट्रांसफार्मर ओवर लोड नहीं रहना चाहिए, चाहे सिंगल फेज हो या फिर थ्री फेज ट्रांसफार्मर हो, उसमें क्षमता का 80 प्रतिशत लोड रहना चाहिए, जरूरत पड़ने पर ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढाएं फिर भी कम वोल्टेज की समस्या आए तो नया ट्रांसफार्मर लगाने की कार्यवाही

करे। जाखड़ ने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की दिशा में 33 केवी फीडर व 11 केवी फीडरों को ट्रिपिंग/फॉल्ट मुक्त बनाने के संबंध में निर्देशित किया कि बिना ट्रिपिंग आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खराब मीटर तुरंत बदलने के साथ ही कृषि उपभोक्ताओं में से 50 प्रतिशत से 15 जुलाई तक एवं शेष के 15 अगस्त तक हर हाल में मीटर लगाने की हिदायत दी। जाखड़ ने निर्देश दिए कि कृषि उपभोक्ता, जिनके ट्रांसफार्मर कम क्षमता के और बिल अधिक क्षमता के आ रहे है, ऐसे कृषि उपभोक्ताओं को अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर स्वीकृत करवाकर दिए जाए। वहींपीएम कुसम ए और कुसम सी में जहां सोलर संयंत्र लगे हुए हैं, उन फीडरों का रखरखाव करवाए। एफआरटी टीम की मॉनिटरिंग एवं शट डाउन करते समय कर्मचारी लिखित में कार्य करे। जाखड़ ने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में एमडी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के साथ ढीले तारों को सुधारना, खराब बदलने, क्षतिग्रस्त पोल बदलने सहित शिविर में होने वाले विभागीय कार्यों में कोताही नहीं बरते।

शत प्रतिशत बकाया वसूली की हिदायत

मेड़ता शहरी, मेड़ता ग्रामीण, गोटन, रियाबड़ी में चल रहे बकाया 2.50 करोड़ की शत प्रतिशत वसूली के सख्त निर्देश देते हुए एक्सईएन जाखड़ ने अभियंताओं एवं सहायक राजस्व अधिकारियों से उपखंडवार प्रगति की जानकारी ली। साथ ही प्रत्येक सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता को शत प्रतिशत वसूली को लेकर लक्ष्य देते हुए समय पर लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए। वहीं कटे विद्युत कनेक्शन में पीडीसी उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक बकाया वसूली पर भी जोर दिया। करीब ढाई घंटे चली बैठक में सहायक अभियंता ओपी ढाका मेड़ता ग्रामीण, सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश जूरिया मेड़ता, करनाराम कुमावत रिया बड़ी, मनीषा तालेपा मेड़ता ग्रामीण, सुरेश कुमार सोनी गोटन, कनिष्ठ अभियंता अंकित गोदारा मेड़ता ग्रामीण, सतपाल चौधरी, अजय मीणा गोटन, दिलीप फड़ौदा, सुरेन्द्र लामरोड़ मेड़ता रोड, मनोज कुमार, विरेन्द्र रेवड़िया रिया बड़ी आदि ने अपने क्षेत्र के विभागीय कार्य की प्रगति रिपोर्ट पेश की।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा- गनाड़ेड़ा, जिला अजमेर (राज.) फोन नं. 0145-2773663, Mob. 8094015481; E-mail: ganahe@bankofbaroda.com

परिशिष्ट-IV क [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस एतद्द्वारा सामान्य जनता को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रतिकात्मक कब्जा प्रतिभूत लेनदार **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये ब्यौरे में कब्जा की वस्तुओं के लिए "**जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है**" के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, कब्जा, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक एवं समय, अग्रिम धनराशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ऋणियों, गिरवी रखने वाले एवं गारन्टरों के नाम एवं पते- श्री मनीष पुत्र श्री धर्मेश्वर राम (ऋणी), 1. बाई नंबर 15, रेगरों का मोहल्ला, गांव पोस्ट बांवला, तहसील- रियांबाड़ी, जिला नागौर (राज.) 305026

2. बाबा रामदेव ड्रड प्रोसिस वर्क्स, किसान फौराहा, बाया पोस्ट बांवला, तहसील- रियांबाड़ी, जिला नागौर (राज.) 305026, श्रीराम देवी पत्नि श्री मनीष रेगर (सह-ऋणी), बाई नंबर 15, रेगरों का मोहल्ला, गांव पोस्ट बांवला, तहसील - रियांबाड़ी, जिला नागौर (राज.) 305026

बकाया:- डिमाण्ड नोटिस दिनांक:- 15.11.2025, रु. 15,64,418.49 दिनांक 15.11.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए आगे का ब्याज, लागत, शुल्क व अन्य खर्चे इत्यादि।
वर्तमान बकाया राशि:- रु. 15,64,418.49 दिनांक 15.11.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए आगे का ब्याज, लागत, शुल्क, व अन्य खर्चे इत्यादि।

कब्जे की स्थिति- प्रतिकात्मक कब्जा

सम्पत्ति के निरीक्षण का दिनांक व समय:- 28/07/2026; दोपहर 12.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक व समय:- 28/07/2026; दोपहर 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की अतिरिक्त समयावृद्धि के साथ)
धरोहर राशि: जमा करवाने की अन्तिम दिनांक **27/07/2026;** समय दोपहर **04:00** बजे तक

ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो:-	आरक्षित मूल्य/ अग्रिम धनराशि/ बोली वृद्धि राशि
श्रीमति शान्ता देवी पत्नि श्री मनीष रेगर की आवासीय सम्पत्ति पट्टा नं. 53, ब्लॉक नं. 32, ग्राम पोस्ट-बांवला, तहसील-रियांबाड़ी जिला नागौर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 300 वर्गगज; सीमाएं:- पूर्व में- किन्नू जी का मकान, पश्चिम में- आम रास्ता, उत्तर में- रास्ता और निकास, दक्षिण में- श्री मोहन लाल रेगर की संपत्ति, ऋण भार:- ज्ञात नहीं	आरक्षित मूल्य रु. 18,13,500/- अग्रिम धनराशि रु. 1,81,350/- बोली वृद्धि राशि रु. 10,000/-

SCAN HERE for Details

विक्रय के नियमों और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात **https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** तथा Auction portal (https://BAANKNET.com). इसके अलावा सम्पत्तियों बोलीदाता शाखा से फोन नं. 0145-2773663 मो. 8094